दैनिक
न्याय साक्षी

छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

रायगढ़, गुरूवार 30 सितंबर 2021
www.nyaysakshi.com

महत्वपूर्ण एवं खास

सुलोचना हिरवानी बनी मिसेज इंडिया इंटरनेशनल 2021

रायपुर (आरएनएस)। नईदिल्ली के नोएडा स्थित पांच सितारा होटल में गत 25 सितंबर को मिसेज इंटरनेशनल प्रतियोगिता का आयोजन होटल डेजल में किया गया था। उक्त प्रतियोगिता में दुर्ग जिले के पाटन ग्राम की रहने वाली सुलोचना हिरवानी ने मिसेज इंडिया इंटरनेशनल 2021 का अवार्ड जीतकर छग का नाम रौशन किया। उक्त जानकारी सुलोचना ने प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में देते हुए बताया कि फाइनल राउंड में देश के अनेक राज्यों से 35 प्रतिभागी महिलाएं शामिल हुईं जिनमें उन्हें मिसेज क्राउन का ताज जीतने में सफलता मिली। पत्रकारवार्ता में उन्होंने बताया कि आगामी एक अक्टूबर को गोवा में इंडिया फैशन वीक का आयोजन हो रहा है जिसके लिए वे दिन रात मेहनत कर रही है।

ट्रक की चपेट में आने से साइकिल सवार की मौत, ड्राइवर फरार

रायपुर (आरएनएस)। टाटीबंध से चंदनडीह के बीच देर रात दुर्घटना में एक साइकिल सवार की मौत हो गई। दरअसल भिलाई से टाटीबंध की ओर आ रही ट्रक ने साइकिल सवार को अपनी चपेट में ले लिया। मजदूर को रौंदते हुए ट्रक निकल गई। बता दें कि मृतक मिथिलेश रासम 47 वर्ष का है। वह चंदनडीह के एक फैक्ट्री में काम करता है। ड्यूटी से छूटने के बाद वह साइकिल से जा रहा था तभी पीछे से आ रही ट्रक उसे रौंदते हुए निकल गई। हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर फरार हो गया। बहरहाल पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देकर शव को एम्स के मच्यूरी में रखवा दिया है।

रेट्रोफिटिंग नल जल प्रदाय योजना के लिए 5.86 करोड़ रुपए की स्वीकृति

रायपुर (आरएनएस)। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरु रुद्रकुमार के निर्देश पर बालोद जिले में रेट्रोफिटिंग नल जल प्रदाय योजना के लिए 5.86 करोड़ रुपए से अधिक की राशि की स्वीकृति मिली है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्रामीण अंचलों में पेयजल आपूर्ति के लिए संचालित योजनाओं के विस्तार के लिए तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कार्यालय कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता मिशन जिला बालोद से इस आशय का आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के तहत बालोद जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के अछोली में एक करोड़ 32 लाख 47 हजार, चिल्हाटीकला में 66.67 लाख, कामता में 71.80 लाख, गुण्डरदेही विकासखण्ड के परसतराई में एक करोड़ 44 लाख 42 हजार, सिब्दी में 84.14 लाख और पैरी गांव में 87.11 लाख रुपए की रेट्रोफिटिंग नल जल प्रदाय योजना की स्वीकृति दी गई है।

फर्जी जाति प्रमाण पत्र की जांच के लिए मानिटरिंग सेल का गठन

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। जिले में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर शासकीय सेवक के रूप में विभिन्न विभागों में कार्यरत शासकीय सेवकों के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों पर यथोचित कार्यवाही करते हुए जांच करने के लिए संभागायुक्त कार्यालय द्वारा एक मॉनिटरिंग सेल का गठन किया गया है। इस मॉनिटरिंग सेल से समन्वय स्थापित करने के लिए संभागायुक्त कार्यालय में पदस्थ उपायुक्त (राजस्व) को नोडल अधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए आयुक्त बस्तर द्वारा आदेशित किया गया है। नोडल अधिकारी के सहायक के रूप में सहायक अधीक्षक (राजस्व) को नियुक्त किया गया है। मॉनिटरिंग सेल के द्वारा कार्यालय में प्राप्त शिकायत का सूचीकरण कर पृथक-पृथक नस्ती संधारित करेंगे।

बिलासपुर-इंदौर ट्रेन का अस्थायी ठहराव 4 माह के लिए रद्द

रायपुर (आरएनएस)। अप लाइन निर्माण कार्य करने हेतु पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर रेल मण्डल के मदन महल रेलवे स्टेशन से बिलासपुर-इंदौर बिलासपुर स्पेशल ट्रेन का ठहराव चार माह के लिए रद्द किया गया है। पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर रेल मण्डल के मदन महल रेलवे स्टेशन मे अप लाइन निर्माण कार्य करने हेतु 08234 / 02853 बिलासपुर-इंदौर-बिलासपुर स्पेशल ट्रेन का अस्थायी ठहराव समाप्त किया गया है। यह ठहराव चार माह के लिए 30 सितम्बर से 30 जनवरी 2022 तक समाप्त किया गया है। गाड़ी 08234 बिलासपुर-इंदौर स्पेशल ट्रेन का 01 अक्टूबर से 31 जनवरी 2022 तक मदन महल रेलवे स्टेशन में ठहराव उपलब्ध नहीं रहेगा। इसी प्रकार 02853 इंदौर-बिलासपुर स्पेशल ट्रेन का 30 सितम्बर से 30 जनवरी 2022 तक मदन महल रेलवे स्टेशन में ठहराव उपलब्ध नहीं रहेगा।

ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी भूमि का ड्रोन से होगा सर्वे

» सम्पत्ति मालिक को मिलेगा अधिकार अभिलेख

» स्वामित्व योजना के पायलट प्रोजेक्ट के तहत दुर्ग, कबीरधाम एवं कोरबा जिले में होगा सर्वे

रायपुर (आरएनएस)। ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी भूमि पर निवासरत सम्पत्ति मालिक का ड्रोन के माध्यम से सर्वे कर सम्पत्ति मालिक को अधिकार अभिलेख प्रदान करने के लिए स्वामित्व योजना का शुभारंभ किया गया है। योजना का राज्य में क्रियान्वयन के लिए छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। साथ ही केन्द्रीय पंचायत राज मंत्रालय, राज्य पंचायती राज विभाग छत्तीसगढ़, सर्वे ऑफइंडिया, राज्य सूचना केन्द्र एवं ग्राम पंचायतें परस्पर सहयोगी के रूप में कार्य करेंगे। योजना के पायलेट चरण में छत्तीसगढ़ के दुर्ग, कबीरधाम एवं कोरबा जिलों को शामिल किया गया है।

छत्तीसगढ़ के भू-अभिलेख आयुक्त ने बताया है कि भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी भूमि पर निवासरत संपत्ति मालिकों को ड्रोन के माध्यम से सर्वे का अधिकार अभिलेख प्रदान करने के लिए स्वामित्व योजना प्रारंभ की गई है। देश में योजना के पायलेट चरण के सफलता को देखते हुए, द्वितीय चरण के रूप में अन्य राज्यों के साथ छत्तीसगढ़ राज्य का भी चयन किया गया है, जिसे वित्तीय वर्ष 2024-25 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

स्वामित्व योजना अंतर्गत ग्राम के चयन उपरांत ग्राम, ग्राम सभा, विशेष ग्राम सभा, मुनादी, लाउडस्पीकर और टेलीविजन इत्यादि के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाएगा। ड्रोन सर्वे के एक दिवस पूर्व, राजस्व एवं पंचायत विभाग के कर्मचारियों द्वारा चूना मार्किंग किया जाएगा। ड्रोन सर्वे का कार्य सर्वे ऑफ इंडिया के माध्यम से किया जाएगा। सर्वे के दौरान पंचायतों के सरपंच, सम्पत्ति मालिक, पुलिस कर्मचारी आदि उपस्थित रहेंगे। ड्रोन सर्वे के बाद सर्वे ऑफ इंडिया से प्राप्त नक्शे का राजस्व एवं पंचायत विभाग के अमले द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन किया जावेगा। सत्यापन उपरांत नक्शे का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा, जिसमें सम्पत्तिधारकों से दावा आपत्ति आमंत्रित की जाएगी। आपत्ति और विवाद का निपटारा तहसील, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तथा कलेक्टर स्तर पर किया जावेगा। आपत्तियों के निराकरण के बाद अधिकार अभिलेख का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा और संबंधितों को अधिकार अभिलेख का वितरण किया जावेगा।

स्वामित्व योजना से सम्पत्ति मालिक को सम्पत्ति का प्रमाण पत्र एवं भू-स्वामित्व प्राप्त होगा। ड्रोन सर्वे से अभिलेख निर्माण में शुद्धता आएगी। सम्पत्ति मालिक को प्रमाण पत्र प्राप्त हो जाने से बैंक से ऋण लेना आसान हो जाएगा।

6 किलों 500 ग्राम गांजा जब्त, एक महिला व एक पुरुष गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर के खरोरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक व्यक्ति को अपने बाड़ी में गांजा छुपाकर रखने व बेचने की सुचना मिलने पर मौके पर पहुंच 5 किलों गांजा जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं आरंग पुलिस ने एक महिला को हिरासत में लेकर अवैध मादक पदार्थ गांजा 1 किलों 500 ग्राम जब्त की है।

मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार को खरोरा थाना पुलिस ने मुखबीर की सुचना पर शाम 5 बजे के करीब ग्राम भेजीडीह खरोरा में अवैध रुप से गांजा बेचने की सुचना पर मनीष पाटले 22 वर्ष पिता भूषण पाटले के बाड़ी में रेड की कार्रवाई कर एक प्लास्टिक की बोरी में रखा अवैध मादक पदार्थ गांजा 5 किलों ग्राम कीमत 40 हजार रुपये को जब्त की है।

इसी तरह आरंग थाना पुलिस ने मंगलवार की देर शाम अग्रवाल पारा आरंग में एक महिला के द्वारा अपने घर में गांजा बेचने की सुचना मिलने पर पुलिस ने दबिश देकर 1 किलों 500 ग्राम गांजा जब्त की है,जिसकी अनुमानित कीमत 15 हजार रुपये बतायी जा रही है। महिला को हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर उसने अपना नाम प्रियंका वैष्णव 35 वर्ष पति शत्रुघन वैष्णव निवासी अग्रवाल पारा आरंग बताया है। मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 बी के तहत कार्रवाई की गई है।

4 अक्टूबर को रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प होगा

» मेडिकल संबंधी पदों पर की जाएगी भर्ती

रायपुर(आरएनएस)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायपुर द्वारा आगामी 4 अक्टूबर सोमवार को जिला रोजगार कार्यालय, रायपुर में निजी क्षेत्र के नियोजक एस.आर. हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर चिखली, मिलाई के लिए प्लेसमेंट कैम्प आयोजित किया जा रहा है। उप संचालक रोजगार ने बताया कि इस प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से एस.आर. हास्पिटल चिखली में ड्यूटी डॉक्टर, डेंटिस्ट, फिजियोथेरेपिस्ट, फार्मासिस्ट, ओ.टी. टेक्निशियन, नर्सिग स्टॉफ सी.ई.ओ., काउंसलर, एक्स-रे टेक्निशियन, पैथालेब टेक्निशियन, ड्रायवर, फील्ड ऑफिसर एवं टी.पी.ए. मैनेजर आदि के कुल 193 पदों पर एम.बी.बी.एस, बी.ए.एम.एस., बी.एच.एम.एस., एम.डी.एस., बी.डी.एस., एम/बी.पी.टी.एम/बी. फार्मा, पैरामेडिकल, नर्सिग, एम.बी.ए. स्नातक उत्तीर्ण एवं एल.एम.व्ही. लायसेंस धारी, न्यूनतम 03 वर्षीय अनुभवी योग्य आवेदकों की भर्ती न्यूनतम 8 हजार रूपये से 50 हजार रूपये प्रतिमाह वेतनमान पर की जावेगी। इन पदों पर भर्ती हेतु योग्य एवं इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि पर शैक्षणिक/तकनीकी शिक्षा तथा अनुभव प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक अपनी उपस्थिति दे सकते हैं। आवेदक सोशल डिस्टेंटिंग का पालन करते हुए प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होंगे।

मुख्यमंत्री को दिव्यांग शिल्पकार ने लकड़ी पर उकेरे छत्तीसगढ़ के राजगीत की कलाकृति की भेंट की

» मुख्यमंत्री ने काष्ठ शिल्प कलाकार को स्वेच्छानुदान से एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज यहां उनके निवास कार्यालय में बेमेतरा जिले के दिव्यांग काष्ठ शिल्पकार दिलहरण सिन्हा एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कलिन्द्री सिन्हा ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को काष्ठ पर हाथों से उकेर कर बनायी गई छत्तीसगढ़ के राजगीत की कलाकृति भेंट की। इसमें राजगीत के रचयिता डॉ. नरेन्द्र देव वर्मा के हस्ताक्षर को भी उकेरा गया है। मुख्यमंत्री बघेल ने उनके कला-कौशल की सराहना करते हुए काष्ठ शिल्प के काम को आगे बढ़ाने के लिए अपने स्वेच्छानुदान मद से एक लाख रुपये की राशि स्वीकृत की। काष्ठ शिल्प कलाकार सिन्हा ने मुख्यमंत्री को बताया कि वे दिव्यांग है और काष्ठ शिल्प ही उनकी आजीविका का एकमात्र साधन है। उन्होंने बताया कि उन्होंने भारत का राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान और संविधान की प्रतावना भी लकड़ी पर उकेरी है। सिन्हा ने बताया कि उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कलिन्द्री उन्हें शिल्प निर्माण में सहायता करती हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष शासन के सहयोग से अपने इस कला के प्रसार के लिए युवा पीढ़ी एवं अन्य दिव्यांगजनो को प्रशिक्षण देने की भी इच्छा जतायी, जिससे उन्हें भी काष्ठ शिल्प से जुड़कर अपने लिये रोजगार के साधन जुटाने में सहायता मिल सके और वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सके।

रिटायर्ड कर्मचारी से इंश्योरेंस पालिसी की रकम वापस दिलाने झांसा देकर 9 लाख 41 हजार की ठगी, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। बिजली विभाग से रिटायर्ड कर्मचारी को इंश्योरेंस का पालिसी की रकम वापस कराने का झांसा देकर 9 लाख 41506रुपये का ऑनलाईन ठगी कर लेने की रिपोर्ट डीडीनगर थाने में दर्ज करायी गई है।

मिली जानकारी के मुताबिक प्लाट नंबर 370 सुंदरनगर डीडी नगर रायपुर निवासी किशोर बैस 62 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि मोबाइल नबंर 9958465490, 9621819003, के अज्ञात धारक जो अपना नाम मुकेश जैन , शर्मा जी , एंव सुर्यकांत त्रिपाठी होना बताकर प्रार्थी को पालिशी की रकम वापस कराने के नाम से झांसा देकर कुल रकम 9,41,506 रुपये को आर एफ सर्विसेस के खाता क्रमाक 1469201102537 में आरटीजीएस करवा कर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी भारतीय एक्सा कंपनी से सिक्योर इनकंम प्लान के अर्न्तगत दो पोलिसी अपने नाम से एंव दो पालिसी अपने परिचीत रमेश कुमार वर्मा के नाम से तथा एच डी एफसी लाईप संचय पर एडवान्टेज की एक पालिसी कुल पांच पालिसी पूर्व में ली थी। 08 फरवरी 21 को प्रार्थी के मोबाइल नंबर 9977872000 पर अज्ञात मोबाईल धारक ने कॉल करके बताया कि वह भारतीय इन्श्योरेंस विकाश बैंक फण्ड में कार्यरत है तथा प्रार्थी को जिस एजेंट ने पालिशी दिलाई है वो गलत तरिके से दिलाई है। वह पांचो पालिसी की जमा राशि वापस करवा देगा। इसके लिए प्रोसेसिंग चार्ज 48,200 रुपये लगेगा। जिसके बाद वह आरोपी के झांसे में आकर अपने एस बी आई के खाता क्र 32101695207 सुंदर नगर शाखा से फ ोन पे के माध्यम से खाता में दिनांक 09 फरवरी 2021 को पैसा जमा कर दिया। फिर दूसरे दिन कॉल करके कहा कि पांचो पालिसी को डिविडेड आफि स भेजना है,फिर एक व्यक्ति ने अपना नाम शर्मा जी बताया और स्वयं को डिविडेड आफिस से बताकर पांचो पालिशी की राशि लगभग 15,23,000 रुपये स्वीकृत कर रहा करने की जानकारी देकर प्रोसेसिंग चार्ज 1,66,784 रुपये बैंक खाता में भेजने जिसके बाद प्रार्थी ने फिर आरटीजीएस के माध्यम से रुपये जमा करा दिया। फिर शर्मा जी नामक व्यक्ति ने उसे 17,53,000 रुपये की स्वीकृत बताकर व इनकम टेक्स फ्री रहने व इसकी एनओसी हेतु 2,80,290 रू भूगतान करना है बोलने पर प्रार्थी फिर से झांसे में आकर एसबीआई खाता से आरटीजीएस करा दिया। इस तरह से आरोपियों ने अलग-अलग प्रोसेस का झांसा देकर प्रार्थी से लाखों रुपये की ठगी कर लिया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के मोबाइल नंबर के आधार पर धारा 420 के तहत धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

लापता युवती पहुंची गोवा

कोरबा (आरएनएस)। पसान पुलिस की परेशानी अब जाकर खत्म हुई है, क्योंकि इलाके से लापता हुई एक युवती के सकुशल होने के बारे में खबर जो मिली है। केंद्र शासित प्रदेश गोवा में उसकी उपस्थिति का पता चला है। कुछ परिचितों के साथ वह वहां पर मौजूद है।

पुलिस ने बताया कि चंद्रोटी की रहने वाली 19 वर्षीय अनुपा उरांव 24 सितंबर को सुबह 11 बजे अपने घर से कहीं चली गई। इस बारे में उसने परिवार के लोगों को कोई जानकारी नहीं दी थी। कुछ घंटे तक वह घर नहीं पहुंची तो परिवार ने समझा कि परिचित या आसपास में गई होगी। शाम तक घर नहीं लौटने पर उसकी खोजबीन शुरू की गई। अगले दिवस इस बारे में पसान थाना को अवगत कराया गया जिस पर पुलिस ने गुम इंसान का प्रकरण दर्ज किया। इस कड़ी में जांच-पड़ताल शुरू की गई। संपर्क के लोगों तक पहुंच बनाने के साथ दूसरे स्तर पर सूचनाएं एकत्र की गई। पसान थाना प्रभारी ने बताया कि हाल में ही जानकारी मिली कि युवती छत्तीसगढ़ से निकलकर महाराष्ट्र होते हुए गोवा पहुंच गई है। कामकाज के चक्कर में वह वहां चली गई। इस तरह की जानकारी संपर्कित लोगों को दी गई। जल्द ही यहां लौटने के बारे में बताया गया है। सूचना से उसके परिजनों को अवगत किया गया है।

बीएमडब्ल्यू में लगी आग

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर के सबसे सुरक्षित कहे जाने वाले सिविल लाइन इलाके में बुधवार सुबह एक बड़ी घटना हो गई। दिलचस्प बात यह है कि इस घटना में किसी प्रकार की जानमाल की क्षति नहीं हुई है। मिली जानकारी के अनुसार सिविल लाइन के पास भगत सिंह चौक के समीप एक तेज रफ्तार चलती बीएमडब्ल्यू कार ने आग लग गई। आग लगने के बाद अफरातफरी मच गया। देखते ही देखते आग में पूरी तरह जलकर कार खाक हो गया। लोगों ने इसकी सूचना तत्काल फायर बिग्रेड को दी। फायर बिग्रेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। घटना स्थल से कुछ ही दूरी पर मुख्यमंत्री निवास भी है।

एक नक्सली मिलिशिया सदस्य ने किया आत्मसमर्पण

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान लोन वर्राटू (घर वापस आईये) के तहत बारसूर एरिया कमेटी अन्तर्गत ग्राम बुड़दूम मिलिशिया सदस्य लक्ष्मण उर्फ मनोज पदामी पिता स्व. कप्पे उर्फ बोमड़ा पदामी उम्र लगभग 28 वर्ष जाति मुरिया निवासी कोहकापारा बुड़दूम थाना बारसूर ने दंतेवाड़ा एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र जायसवाल एवं उप पुलिस अधीक्षक सु आशा रानी के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। लोन वर्राटू अभियान के तहत् अब तक 116 ईनामी माओवादी सहित कुल 431 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में जुड़ चुके हैं।

पसान रेंज के जलके सर्किल में पहुंचा हाथियों का दल

कोरबा (आरएनएस)। कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज में हाथियों का दल एक बार फिर पहुंच गया है। मंगलवार की रात अचानक धमके 8 हाथियों ने रेंज के जलके सर्किल के जंगल में विचरण करने के बाद सुबह होने से पहले साली पहाड़ की ओर रूख किया और वहां के जंगल में पहुंच गए। आज सुबह हाथियों के इस दल को यहां विश्राम करते हुए देखा गया। पसान रेंजर धर्मेन्द्र चौहान एवं डिप्टी रेंजर शिवशंकर तिवारी ने बताया कि हाथियों ने फिलहाल कोई नुकसान नहीं पहुंचाया है लेकिन इसके उत्पात की संभावना को देखते हुए वन विभाग का अमला सतर्क हो गया है। क्षेत्र में ग्रामीणों को हाथियों के आगमन की जानकारी देते हुए उन्हें सावधान कर दिया गया है। ग्रामीणों से कहा जा रहा है कि वे हाथियों की उपस्थिति वाले जंगल में ना जाएं। वन विभाग का अमला ग्रामीणों को सतर्क करने के साथ ही हाथियों की निगरानी में जुट गया है।

सरहरी गांव में युवक को कुचला-सूरजपुर और मनेंद्रगढ़ के जंगल में विचरण कर रहा हाथियों के दल ने जमकर उत्पात मचाया है। कई घरों को तहस-नहस कर दिया है। वहीं एक युवक की कुचलकर जान ले ली। जानकारी के अनुसार सूरजपुर में हाथी के कुचलने से एक युवक की मौत हो गई। प्रतापपुर रेंज के सरहरी गांव का मामला है। वहीं ग्रामीणों ने वन विभाग की लापरवाही के चलते हादसा होना बताया है। भड़के ग्रामीणों को को वन विभाग समझाइश दे रहा है। इधर मनेंद्रगढ़ जिले के फुलवारीटोला क्षेत्र में हाथियों का आतंक से ग्रामीण दहशत में हैं। यहां 39 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। वहीं उत्पाती हाथियों के दल ने कई ग्रामीणों के मकानों को तोड़ा है। इस घटना के बाद ग्रामीणों में जबरदस्त दहशत है। हाथियों को भगाने ग्रामीण रतजगा कर रहे हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनतमूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, मानवीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुरु सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक उन्नयन अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य क्षय में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मूलय रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विभिन्न एवं तकनीकी तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को प्रत्येक कार्यक्रमों एवं अधिकारों के रूप में संचालित किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पहिए ... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU